## खबर संक्षेप

### हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**शहडोल।** पंडित राम किशोर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय ब्यौहारी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडे द्वारा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाकर सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट हमारा है अधिकार, इसे हम न करे बेकार, जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी बार के नारे भी लगाए गए। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु मतदाताओं से अपील भी की गई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान की मेहंदी भी छात्राओ द्वारा लगाई गई। इस अवसर पर प्राध्यापक मोहित लाल वर्मा, परामर्शदाता समस्त ब्यौहारी एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्रा व अन्य लोग उपस्थित थें।

### दीवार लेखन कर दे रहे मतदान का संदेश



**शहडोल।** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चाका में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। दीवारों में, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के स्लोगन लिखे गए। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

### खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन पर हुई कार्यवाही



**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, ओवरलोड करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की गई। खनिज विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को खनिज विभाग द्वारा तहसील ब्योहारी अन्तर्गत कार्यवाही की गई कुल 03 हाईवा जिनके वाहन नंबर यूपी 93 एटी 6798, एमपी 17 एचएच 3344, एमपी 07 एचबी 4486 तथा 02 वाहन बिना नंबर को जप्त किया गया है। वाहन को थाना ब्योहारी में खड़ा कराया गया है, सभी वाहन रेट, गिट्टी का ओवरलोड कर परिवहन कर रहे थे, तथा सोहागपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में शासकीय तालाब से मुरम, मिट्टी का अवैध उत्खनन कर सड़क निर्माण में उपयोग की शिकाय की जाँच में 1 जेसीबी एंव 02 ट्रेक्टर को जप्त कर थाना सिंहपुर में खड़ा कराया गया है तथा खनिज नियमों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

# रंगों के पर्व में नहीं दिख रही रंगत
# चुनाव की चहल पहल नहीं



रंगो का राष्ट्रीय पर्व होली दो दिन बाद 25 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन त्योहार के मद्देनजर कहीं खास चहल पहल और होलिका दहन की तैयारी दिखाई नहीं पड़ती है। रंग, अबीर और पिचकारियों की दूकाने भी इस वर्ष नाममात्र की लगाई गई है। होली का इतना बड़ा पर्व अब सामान्य ढंग से लिया जा रहा है।





### बस्तियों में होली का उत्साह ठण्डा, व्यवसायी भी उदास

शहडोल। शासन ने अवकाश अवश्य घोषित किया है लेकिन कोई उत्साह दिखाई नहीं पड़ रहा है। मन में उमंग नहीं होगी तो होली की तरंग भी नहीं आएगी। सारा त्योहार रस्मी तौर पर निभा लिया जाएगा। इसी तरह लगभग तीन सप्ताह बाद 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव सम्पन्न होगा। इतने बड़े चुनाव की भी कहीं कोई सरगर्मी नहीं है। सारा कुछ सामान्य ढंग से ही चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि बस्तियों में भी चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं होती है। पब्लिक मन ही मन जानती है कि भाजपा प्रत्याशी पुनः सांसद बनने वाला है। अन्य दलों की यहां जो स्थिति है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि यहां चुनावों की कोई खास जरूरत नहीं है। विपक्षी कांग्रेस का उम्मीदवार तो केवल हारने के लिए ही मैदान में उतरेगा। कुछ लोगों का मानना है कि लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की व्यस्तता को देखते हुए इस बार होली का त्योहार फीका रहेगा।

#### अवकाश में पड़ी बाधा

होली के त्योहार के लिए शासन ने अवकाश अवश्य दिया है, लेकिन लोकसभ चुनाव के कारण कर्मचारी अपने इस अवकाश का उपयोग मनमुताबिक नहीं कर सकेगें। साथ ही आचार संहिता और 144 धारा भी लगी है। सड़कों पर पुलिस कड़ाई भी बरत रही है, शांति व्यवस्था को लेकर रोज नए नए आदेश दिए जाते हैं। इस बार होली का रंग फीका ही रहने वाला है। रंग अबीर के विक्रेताओं का कहना है कि इस बार विक्री नाममात्र की हो रही है। सच यह है कि दूकान लगाना और सामान मंगाना घाटे का सौदा हो गया है। एक तो रंग, अबीर, पिचकारी, मुखौटा आदि सबके दाम बढ़ गए हैं। बढ़े दामों के बावजूद पैसा खर्च कर दूकान लगायी गई लेकिन इस बार घाटे के आसार नजर आ रहे हैं।

#### फाग मण्डली भी तैयार नहीं

एक फाग मण्डली के गायकों ने बताया कि इस बार फाग गायन का कार्यक्रम भी बहुत सीमित कर दिया गया है। पहले बस्तियों में होलिका दहन किया जाता था और फिर वहीं से फाग गायन का कार्यक्रम शुरू किया जाता था, इस बार पता ही नहीं कि कहां होली जलेगी और कहां नहीं जलेगी। इसके अलावा मण्डली के कुछ कर्मचारी भी शासकीय कार्यों में इस बार काफी व्यस्त हैं। इसके अलावा एक खास बात यह है कि फाग गायन के लिए किसी पार्टी द्वारा संपर्क भी नहीं किया गया है। इसलिए इस बार फाग मण्डलियां लगभग शांत ही रहेंगी। होली का पर्व धीरे धीरे अपनी उमंग खोकर फीका पड़ता जा रहा है।

#### बाजार में खास रौनक नहीं

इस बार त्योहारी व शनिवारी बाजार एक साथ रही लेकिन इसके बावजूद कोई खास चहल पहल नहीं रही। पहले लोग त्योहार के लिए अधिक से अधिक खरीदारी की जाती थी लेकिन अब रोजमर्रा के हिसाब से की जा रही है। रंग अबीर का माहौल इस बार सड़कों पर नहीं रहने वाला है क्योंकि प्रशासन ने चुनाव को देखते हुए धारा 144 लगा रखी है। सड़कों पर त्योहार के दिन गश्त की जाएगी और चौराहों सहित कई प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

## भौतिक शास्त्र विभाग ने किया मॉडल का प्रदर्शन



शहडोल।

पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग के अंतर्गत कुलगुरु प्रो. रामशंकर एवं कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी एवं भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमे भौतिक विज्ञान के प्रो.डॉ. प्रमोद पाण्डेय ,प्रो. डॉ. अमित निगम, प्रो. डॉ. आनद मसी एवं भौतिक शास्त्र के प्राध्यापकों द्वारा सहयोग किया गया। भौतिक शास्त्र के स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा नई तकनीकी से सम्बंधित कई मॉडल प्रस्तुत किये गए, साथ ही प्राचीन भारत के खगोल शास्त्रियों द्वारा पूर्व अंकित जानकारियों को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। चिरसम्मत भौतिकी से क्वांटम भौतिकी तक की कड़ी बनाते हुए छात्रों ने अपने प्रजेंटेशन के माध्यम से एक भौतिक परिदृश्य का निर्माण किया, विजेताओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र और सभी प्रतिभागियों को प्रशिस्त पत्र प्रदान करते हुए सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर के. कुमार, मौसमी कर एवं साइंस विभाग के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## लीनेस बहनों ने गुलाल लगाकर मनाया रंगपर्व

### समाज के कमजोर वर्ग के लोगो को मिठाई एवं रंग पिचकारी वितरित कर मनाएंगे होली त्यौहार

शहडोल।



लीनेस क्लब शहडोल ग्रेट द्वारा रंग पर्व रंगोत्सव का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में सभी लीनेस बहनों ने रंग-विरंगी परिधानों साड़ी में उपस्थित होकर कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। सभी लीनेस बहनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं पुष्पों की वर्षा कर खूब होली खेली। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया। लीनेस क्लब की वरिष्ठ सदस्य उषा कौशिक द्वारा होली का पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने हेतु शुभकामनाए दी। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग पर्व होली की शुभकामनाए और बधाई दी गई।

लीनेस क्लब के सदस्यों ने होली से संबंधित विभिन्न मजेदार गेम का आयोजन भी किया गया, जिसका सभी सदस्यों ने खूब लुफ्त उठाया। इसके साथ ही लीनेस क्लब के सदस्यों ने स्वादिष्ट पकवान परोसे। रंग पर्व को उत्सव व उत्साह के साथ मनाने के लिए क्लब की अध्यक्ष लीनेस आरती गुप्ता के नेतृत्व में समाज के कमजोर वर्ग के लिए मिठाई एवं रंग पिचकारी वितरित करने का संकल्प लिया गया।

समारोह में अध्यक्ष लीनेस आरती गुप्ता, सचिव देवनिधि सिंह, कोषाध्यक्ष शोभना वशिष्ठ, उषा कौशिक, ममता जैन, लीनेस रेशमा चावडा, नीता अरोरा, नमिता मिश्रा, पूजा खोडियार, लता, शोभा रत्नम, फिजा, वर्षा गुप्ता, अनीता गुप्ता, रेखा गुप्ता, रमा सोनी, अनीता मुदडा, निशा मुदडा, गीता ताम्रकार, अल्का गुप्ता, ललिता गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में लीनेस बहनें उपस्थित रही।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में गंदगी पाए जाने पर लगाई फटकार



### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, कैंसर व नेत्र शिविर लगाने के दिए निर्देश

शहडोल।

कलेक्टर तरुण भटनागर ने रविवार को जिला चिकित्सालय शहडोल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ओपीडी, सर्जिकल वार्ड, आईसीयू, एनआरसी, एसएनसीयू मेटरनिटी वार्डो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों से चर्चा करते हुए जिला चिकित्सालय में मिल रही मूलभूत सुविधाओ के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर में गंदगी पाए जाने पर जिला चिकित्सालय के सफाई पर्यवेक्षक को तलब कर कड़ी फटकार लगाई और आगामी तीन दिवसों में जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में एनआरसी का निरीक्षण करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए की वे घर में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की सतत रूप से निगरानी रखने के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम बनाएं जिसमें आदिम जाति कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को शामिल किया जा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक लाल को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोगियों एवं कैंसर रोगियों की पहचान एवं उनके उपचार के लिए शिविरों का आयोजन करें। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. जी.एस. परिहार, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, डॉ. अपूर्व पांडे, डॉ. गंगेश डांडिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## महिलाओं ने मेंहदी लगाकर दिया मतदान का संदेश



शहडोल।

जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में जिले के बुढ़ार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चाका में महिलाओं ने हाथों में मतदान की मेहंदी लगाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

## घर-घर कचरा संग्रहण वाहनों से मतदान के लिये किया जागरूक



**शहडोल।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है, इसी कड़ी में नगर के प्रत्येक वार्डों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का मुहिम शुरू कर दिया गया है। नगर के 39 वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण करने वाले वाहन के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया है। इस दौरान मुख्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के के साथ नगर पालिका आमला उपस्थित रहा। ज्ञात हो की नगर पालिका परिषद कचरा वाहनों को नगर के सभी वार्डों में कचरा संग्रहण के लिए सुबह-शाम भेजा जाता है, जिसमें साउंड सिस्टम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इससे कचरा संग्रहण के साथ ही लोगों को मतदान करने व मतदान के महत्व की जानकारी भी मिल सकेगी।

## बबलू डेयरी, राजस्थान स्वीट्स व अन्य मिष्ठानों के खाद्य पदार्थों की हुई जांच



शहडोल।

कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में खाद्य पदार्थों को मिलावट से मुक्त करने संभागीय मुख्यालय के राजस्थान स्वीट पुराना बस स्टैंड, बबलू डेयरी, पंजाब डेयरी, गुरु कृपा, छप्पन भोग शिव डेयरी और बुढ़ार के जोधपुर मिष्ठान, न्यू इंडियन स्वीट्स, सुभाष मिष्ठान, आदर्श भोग का खाद्य विभाग द्वारा गठित दल के द्वारा खाद्य पदार्थों का विशेष परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान डेयरी में विक्रय हेतु रखे पनीर, कलाकंद, बेसन लड्डु, रसगुल्ले, घी, मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई, साथ ही दुकान एवं डेयरी के लायसेंस एवं लायसेंस अवधि की भी जांच की गई। परीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों ने डेयरी संचालक को निर्देश दिए की किसी भी प्रकार का प्लास्टिक की कोई भी वस्तु पॉलीथीन, थैला, डिस्पोजल ग्लास आदि का उपयोग न करें। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रामनरेश जाटव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### शत प्रतिशत मतदान के लिये निकाला गया कैंडेल मार्च



**शहडोल।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए नगरपलिका एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओ ने संभागीय मुख्यालय के वार्ड नं. 01 कृष्णा कालोनी में कैंडेल मार्च एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

### वोट हमारा है अधिकार, इसे हम न करें बेकार



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उदद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्वीप गतिविधि के तहत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु बालीबाल खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा कहा गया कि सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट हमारा है अधिकार, इसे हम न करे बेकार, जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी बार। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु मतदाताओं से अपील भी की गई।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक द्वाराजिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 22 मार्च को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 21 स्थानों पर दबिश देकर कुल 228 लीटर कच्ची शराब जप्ती की गई।

### चाकू चमकाते 4 धराये

**शहडोल।** थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 22 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि कटहरी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी मिन्टू पिता चमरू सिंह उम्र 41 वर्ष नि0 कटहरी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। वहीं थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि निपनियां तिराहा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी आशीष पिता राम देव शुक्ला उम्र 36 वर्ष निवासी दलको कोठार को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वहीं थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि सिंहपुर रोड पुट्टी बाडा एवं दारू भ_ी के पास कुछ व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त स्थानों पर दबिश देकर पु_ी बाडा से आरोपी सुभम सरवारी पिता सुभाष सरवारी निवासी ईरानी बाडा को पकड़कर तलाशी ली गई एवं सिंहपुर रोड दारू भठ्टी के पास से आरोपी अप्पू उर्फ धनराज समुन्द्रे पिता रिंकू समुन्द्रे उम्र 24 वर्ष निवासी रेल्वे कॉलोनी शहडोल दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक-एक अद्द लोहे के चाकू मिले। जिन्हें जप्त कर उक्त सभीं आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

---

### पेट्रोल पंप में डब्बों-बोतलों में दिया जा रहा पेट्रोल

# खुलेआम बिकता पेट्रोल प्रशासन मौन

**शहडोल।** पेट्रोल पंप पर खुलेआम बोतलों में भरकर पेट्रोल-डीजल बेचा जा रहा है। कोई भी बोतल में पेट्रोल-डीजल न देने नियमों को फॉलो नहीं कर रहा है। पेट्रोल पंपकर्मी पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरो का भी ख्याल नहीं किया। पेट्रोल पंप के सेल्समैन को न कानून का खौफ है और न ही किसी नियम की चिंता। जिले के पेट्रोल पंपों पर तो उपभोक्ताओं के लिए न ही मान्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं और न ही एक्सप्लोसिव एक्ट के नियमों का पालन किया जा रहा है। इन पेट्रोल पंपों पर खुलेआम नियमों का मखौल उड़ाए जाने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पेट्रोल पंप में बिना रोक टोक के प्लास्टिक बोतलों के अलावा जरीकेन में भी पेट्रोल देने का सिलसिला शुरू चल रहा है, लेकिन अबतक इस पर रोक नहीं लगाई है, जबकि यह भी पेट्रोलियम एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। जरीकेन में पेट्रोल दिए जाने की वजह से इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। शहर से सटे लगभग ग्रामीण क्षेत्र के छोटे दुकानदार बड़ी मात्रा में पेट्रोल खरीदकर ले जाते हैं और पेट्रोल की कालाबाजारी कर उसे बढ़ी हुई कीमत में बेचते हैं। इसके साथ ही आय अधिक प्राप्त करने पेट्रोल में मिलावट भी की जाती है, इसके बावजूद संबंधित पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कभी विभाग से कोई अधिकारी जांच में पहुंच भी गया तो वह अपनी मेहमान नवाजी करवाकर वापस लौट जा रहा है और सब कुछ अपने ढर्रे पर चलता रहता है।



#### नियमों से हो रहा खिलवाड़

शहर का सबसे व्यस्ततम एवं कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर कार्यालय से कुछ मीटर दूरी पर संचालित पेट्रोल पंप में कर्मचारी प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल देते आसानी से नजर जाते हैं, जबकि एक्सप्लोसिव एक्ट 1983 की धारा के तहत प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल देना लेना प्रतिबंधित है। लोगों के सुरक्षा के मद्देनजर इस पर पाबंदी लगाना जरूरी भी है, लेकिन पंपों पर खुलेआम इस नियम से खिलवाड़ करते तथा बिना आनाकानी किए बोतलों में पेट्रोल डाल दिया जाता है।

#### उपभोक्ता भी हैं जिम्मेदार

पेट्रोलियम पदार्थ अत्यंत ज्वलनशील होता है, आस-पास हल्की सी भी चिंगारी इस व्यवस्था पर भारी पड़ सकती है। इसके लिए सरकार ने सुरक्षा नियम तय किए हैं, जिसका पालन सभी पेट्रोलियम कंपनी के पंपों में अनिवार्य रूप से करना होता है, लेकिन जिले के पेट्रोल पंप में कर्मचारी इस नियम को ठेंगा दिखाकर पेट्रोल बेच रहे हैं। अपने इस कृत्य से स्वयं पंप परिसर में मौजूद लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। लगभग जिले के सभी पेट्रोल पंप में ऐसा ही हो रहा है। उपभोक्ता भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। कुछ उपभोक्ता पेट्रोल पंप में मोबाइल से बात करने पर प्रतिबंध होने के बावजूद मोबाइल उपयोग करते नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि यह सब चोरी छुपे हो रहा है, मजे की बात तो यह है कि लगभग पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है, जिसमें इसके साक्ष्य मौजूद हैं।

#### सुविधाओं का अभाव

पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं के लिए हवा, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था करना जरूरी है, साथ ही इसकी सुविधा 24 घंटे मुहैया भी करानी है। इसके साथ ही पेट्रोल की शुद्धता माप की जांच के लिए भी सामान उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराना है। जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों में इन सुविधाओं का अभाव है और अव्यवस्था उस पर भरी पड़ रही है। पेयजल शौचालय तो जैसे तैसे मिल जाते हैं, लेकिन निःशुल्क हवा भरने की मशीन हमेशा खराब ही नजर आती है। यदि कोई उपभोक्ता संचालक से पूछ भी लिया तो वह वर्कर कम होने या कोई अन्य कारण बता उपभोक्ता को आगे बढ़ा देता है और तो और शहर में रात्रि लगभग 12 के बाद आपको पेट्रोल भी उपलब्ध नहीं हो सकता।

#### रद्द होना चाहिए लायसेंस

पेट्रोल पंप में फैली अव्यवस्था तथा उपभोक्ताओं की सुविधाओं का अभाव होने पर मौके से ही सीधे फोन कर इसकी शिकायत की जा सकती है। इसके लिए संबंधित अधिकारी के फोन नंबर तथा शिकायत रजिस्टर भी पंप पर मौजूद रहता है। जिस कंपनी का पेट्रोल पंप है, उस कंपनी के होर्डिंग्स भी पेट्रोल पंप में लगे रहते हैं, जिसमें शिकायत करने टोल फ्री नंबर अधिकारी के नंबर लिखे रहते हैं। शिकायत मिलते ही संबंधित कंपनी के अधिकारी पंप संचालक से संपर्क कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे तथा उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। कार्रवाई में संचालक का लाइसेंस भी रद्द हो सकता है।

#### क्या है एक्सप्लोसिव एक्ट

एक्सप्लोसिव एक्ट 1983 के तहत पेट्रोल पंप में ग्राहकों को प्लास्टिक की बोतलों या कंटेनरों में पेट्रोल देना प्रतिबंधित है। इसी तरह पंप परिसर में पेट्रोल भराने के दौरान मोबाइल का उपयोग पर भी प्रतिबंध है, क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थ काफी ज्वलनशील तरल पदार्थ है और हल्की सी चिंगारी मात्र मिलने से यह जल उठता है। इससे तीव्रता से आग फैलने लगती है। आजकल लोग पानी की प्लास्टिक की बोतलों को पेट्रोल लाने ले जाने उपयोग में लाते हैं, जो काफी खतरनाक है। यदि पेट्रोल देते समय इसमें आग लग जाए तो पंप में गंभीर हादसा हो सकता है। इसी तरह मोबाइल एक इलेक्ट्रानिक्स वस्तु है, जिसके संचालन से स्पार्किंग होती है और यह स्पार्किंग पेट्रोल में आग लगा सकती है, लेकिन जिम्मेदारों ने शायद ही बीते दशकों में एक बार भी पेट्रोल पंप संचालकों पर कार्यवाही की होगी। जागरूक लोगों ने मांग की है कि पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के साथ ही टीम बनाकर पूरे जिले में अभियान चलाकर कार्यवाही करनी चाहिए।

---

# छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



### कल्याणिका पुष्पराजगढ़ के वार्षिक परिणामों की हुई घोषणा

**राजेन्द्रग्राम।** स्थानीय कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन ने अपने वार्षिक परिणामों की घोषणा कर दी। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को उपस्थित अतिथियों और पालकों की करतल ध्वनि के बीच स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य ने उद्बोधन में कहा कि किसी बच्चे के परिणामों में सिर्फ शाला और शिक्षक का योगदान नहीं होता, बल्कि उनके पालकों की परवरिश का एक व्यापक प्रभाव भी परिणामों में परिलक्षित होता है। इन होनहारों के साथ साथ इनके पालक भी निःसंदेह बधाई और प्रशंसा के पात्र हैं। मैं इन छात्रों की उत्कृष्टता हेतु इनके पालकों को भी नमन करता हूं। मंच पर पुरस्कार हेतु इनके पालकों को भी आमंत्रित किया गया। इन छात्र छात्राओं में अनिमेष सिंह, आस्था अग्रवाल, मोनिका बघेल, सत्यम प्रसाद, अनमोल श्रीवास्तव, तान्या श्रीवास्तव, वरुण प्रजापति, रमन तिवारी, दिव्या जायसवाल, दिव्यांशु मौर्य, रोशनी परस्ते, आरुषि अग्रवाल नारायणी एस पी खांडे, एंजल जायसवाल, अंशिका मोगरे, काव्या गुप्ता, आरूही जायसवाल, आराध्य आलोक विश्वकर्मा, श्रेया पटेल, हितार्थ सिंह, धरणी मांझी, आदित्य यादव, आरव सिंह, आद्या देवांगन, अनमोल राठौर, आरुषि सिंह आरुषि जायसवाल, वाच्या जायसवाल, अनंत सिंह, हसीबा फातिमा ने प्रावीण्य सूची में अपनी अपनी कक्षाओं में स्थान बनाया। प्राचार्य ने कहा कि आज की करतल ध्वनि की गूंज अन्य बच्चों को भी आने वाले वर्षों में आगे आने को प्रेरित करेगी। कार्यक्रम को पत्रकार अरुण पाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सफलता अर्जित करने वाले बच्चों को कोटिशःबधाई। मेरा मानना है कि अच्छी शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कारों से भी बच्चों को संस्कारित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में पत्रकार अरुण पाल सिंह, मनीष अग्रवाल, पूरन चंदेल, राजन सिंह, अजय जायसवाल, शाला प्रबंध समिति के सदस्य संदीप शर्मा, जगन्नाथ चंद्रवंशी, शैलेंद्र पाटिल, रेखा केशरवानी, ज्योति जैन, डा. गणेश राठौर और बड़ी संख्या में गणमान्य पालक उपस्थित थे।

---

# विद्युत नगरी चचाई में चरम पर चोरों का आतंक



### विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता के सूने घर में चोरों ने बोला धावा

**चचाई।** शांतिप्रिय विद्युत नगरी में वर्तमान थाना स्टाफ की निष्क्रियता से चोरों ने आतंक मचा रखा है। अधिकारी कर्मचारी आम नागरिक सभी भयभीत है कई बार मंडल कर्मचारी अधिकारियो ने इस बात को लेकर मुख्य अभियंता व चचाई थाने का घेराव कर ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग भी की थी किंतु समय के साथ मामला दबता गया। 18 मार्च को मंडल के आवास क्रमांक बी 2 में निवासरत मंडल के कार्यपालन अभियंता इंद्रजीत सिंह धुर्वे पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपने गांव गए हुए थे इसी बीच 21 मार्च को वापस उनके आने पर पीछे की खिड़की तोड़कर चोरों ने घर का सामान तहस-नहस कर एवं अलमारी से कीमती जेवरात जिसमें सोने की चेन सोने की अंगूठी ब्रेसलेट सहित कई सामान चोरों ने पार कर दिया जिसकी सूचना थाने में दी गई जिस पर अज्ञात चोरों पर अपराध क्रमांक धारा 457, 380 का मामला दर्ज किया गया किंतु आज तक चोर मस्त और पुलिस पस्त है। थाना प्रभारी व मुख्य अभियंता के ढुलमुल रवैया का दंश विद्युत नगरी के निवासी भुगत रहे हैं। कई बार आपराधिक वारदात घटित होने के बाद भी निष्क्रियता के चलते यह शांत विद्युत नगरी अपराधों का गढ़ बन चुकी है हर तरह के अवैध गतिविधियां यहां संचालित हैं जिसके कारण ताप विद्युत गृह के अंदर व बाहर के बेश कीमती सामान पार होते रहते हैं किंतु हर बार समय के साथ मामले को दबा दिया जाता है। खुलेआम आए दिन चोरी की घटनाएं यहां फैली बेरोजगारी की भी मुख्य वजह है विद्युत नगरी में कई आपराधिक व्यक्ति घूमते नजर आते हैं किंतु पुलिस उन पर कार्रवाई करने से बचती नजर आती है। मंडल कर्मचारी व श्रम संगठनों ने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर से चचाई थाने में हस्तक्षेप कर अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

---

# महिला समाज ने मनाया होली उत्सव, गीत भी गाए



**कोतमा।** नगर में महिलाओं ने पंचायती मंदिर में होली उत्सव मनाते हुए जमकर गुलाल उड़ाए। भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना और रामायण पाठ करने के बाद होली गीतों के साथ फागुन वसंत उत्सव को धूमधाम से मनाया। उक्त आयोजन में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया होली गीतों पर झूम कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया सौहार्द पूर्ण उत्सव में सभी ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया और एक दूसरे को गले लगा कर होली की बधाई देकर त्यौहार मनाया। इस अवसर पर दीपमाला सराफ, किरण गोयनका, प्रियंका ताम्रकार, गीता अग्रवाल, आरती गुप्ता, छाया सोनी सहित अन्य महिलाएं शमिल हुई।

---

# संकेत की मौत के एक माह बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर आरोपी



**कोतमा।** बीते दिनों नगर के वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले व्यापारी शिवकुमार जायसवाल के पुत्र संकेत जायसवाल उर्फ भोला 26 वर्ष के द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया था। भोला की मौत के लिए सूदखोरों एवं आन लाइन गैंबलिंग के जाल में फंसकर मरने के लिए मजबूर किया गया था। घटना के एक माह बाद भी किसी निष्कर्ष पर ना आने के बाद मृतक के चाचा राजकुमार जायसवाल द्वारा एडीजी के समक्ष मामले की जांच कराने एवं दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर एक शिकायत पत्र भी सौंपा गया। शिकायत में उल्लेख किया कि भतीजा भोला जायसवाल को दुकान के पास ही रहने वाले एक व्यापारी द्वारा प्रतिदिन के ब्याज में फंसा कर आए दिन प्रताड़ना करते हुए 5 सौ प्रतिदिन की ब्याज वसूली जाती थी एवं न देने पर गाली गलौज करते हुए मोबाइल भी छीन लिया गया था। इसी प्रकार मोबाइल में ऑनलाइन खेले जाने वाले गेम में फंसकर बड़ी राशि हारने की बात सामने आई। जिसको चुकाने के लिए कई लोगो से कर्जा लिया गया और मजबूरन सूदखोरों के जाल में भी फंस गया। परिजनों ने उचित जांच कर कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

---

**प्रशिक्षण सत्र का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण**

# प्रशिक्षण ले रहे लोकसेवकों को निर्वाचन की बारीकियां समझने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की शुचिता,निष्पक्षता और त्रुटिहीन निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करने का दारोमदार आप सभी पर है। इसलिए, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियां समझने की आवश्यकता है। यदि आप असमंजस या दुविधा की स्थिति में शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान खोजने में असफल रहते हैं तो आपको मतदान केंद्रों में असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रशिक्षण में विद्यार्थी की भांति मस्तिष्क में उभर रहे सवालों के उत्तर जानें ताकि आप निर्विघ्न, शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार चुनाव करा सके। इस आशय के निर्देश और सुझाव शुक्रवार को दूसरी पाली में आयोजित



शासकीय महाविद्यालय उमरिया पान में आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों कर्मचारियों से कहीं। इस दौरान सीईओ श्री गेमावत ने विभिन्न कक्षों में आयोजित प्रशिक्षण को नजदीक से देखा और सुना। उन्होंने लोक सेवकों से माकपोल, बी यू सी यू मशीनों के मतदान केंद्रों में अचानक कार्य नहीं करने की स्थिति में आने वाली स्थितियों से निपटने के संबंध में सवाल किए। कुछ लोकसेवकों के द्वारा प्रश्नों के ठीक-ठाक जवाब नहीं मिलने पर ट्रेनिंग को एक घंटे और अधिक समय तक चलने के निर्देश मास्टर ट्रेनर्स को दिए। इस दौरान निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डी के पासी, सहायक नोडल अधिकारी अभय जैन, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ युजवेंद्र कोरी एवं अन्य की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने होली पर्व की सभी को दी शुभकामनाएं



**रीवा ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने होली पर्व के अवसर पर प्रदेशवासी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि होली पर्व हमारे सनातन संस्कृत समृद्धि प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का पर्व है यह पर्व जहां हमें कर्तव्य से जोड़ता है वही देश समाज के लिए समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा देता है होली रंग उत्साह एवं उमंग का त्यौहार हैसमाज में प्रेम समरसता उल्लास की भावना को मजबूत करता है सभी जनों के जीवन में खुशियां सुख समृद्धि का संचार करें नई ऊर्जा एवं नया उत्साह प्रदान करें

## पुलिस ने नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द




**रीवा।** गोविन्दगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत से 16 में वर्षीय नाबालिग बालिका के अचानक रहस्यमय तरीके से गुम हो जाने पर से गुमसुदा लड़की के पिता की रिपोर्ट पर थाना गोविन्दगढ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 64/2024 धारा 363 IPC का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया गुमसुदा/अपहृत नाबालिग बालिका की लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी गुमसुदा बालिका की पता तलाश के अनुक्रम में थाना प्रभारी गोविन्दगढ शिवा अग्रवाल द्वारा थाना स्टॉप की मदद से पुलिस टीम भेजकर गुमसुदा नाबालिग़ बालिका को दस्तयाब कर बाद पूछताछ परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर किया है।

## लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया है कंट्रोल रूम

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट के भूतल में कक्ष क्रमांक 11 ए लोकमित्र कक्ष में कंट्रोल/शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। निर्वाचन कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 07662-255143 है। कन्ट्रोल रूम से निर्वाचन के संबंध में विभिन्न सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

## चाकू चमकाते 4 धराये

शहडोल। थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 22 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि कटहरी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी मिन्टू पिता चमरू सिंह उम्र 41 वर्ष नि0 कटहरी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्व लोहे का चाकू मिला। वहीं थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि निपनियां तिराहा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी आशीष पिता राम देव शुक्ला उम्र 36 वर्ष निवासी दलको कोठार को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्व लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वहीं थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि सिंहपुर रोड पुट्टी बाडा एवं दारू भ_ी के पास कुछ व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त स्थानों पर दबिश देकर पु_ी बाडा से आरोपी सुभम सरवारी पिता सुभाष सरवारी निवासी ईरानी बाडा को पकड़कर तलाशी ली गई एवं सिंहपुर रोड दारू भठ्टी के पास से आरोपी अप्पू उर्फ धनराज समुन्द्रे पिता रिंकू समुन्द्रे उम्र 24 वर्ष निवासी रेल्वे कॉलोनी शहडोल दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक-एक अद्व लोहे के चाकू मिले।

### जीएम सहित कई अधिकारियों पर सीधा असर, देखते ही देखते हो गए इधर से उधर- जीएम ऑपरेशन सोहागपुर एरिया के बने नए महाप्रबंधक

# होली पर कोयलांचल में चली तबादलों की गोली अब कोई न बोली

धनपुरी

**रंगभंग उमंग के त्योहार होली के अवसर पर एसईसीएल प्रबंधन ने अधिकारियों के तबादले की ऐसी पिचकारी चलाई है कि सोहागपुर कोयलांचल के कई बड़े अधिकारी कर्मचारी लाल पीले हो रहे हैं। उन्हें यह समझ में ही नहीं आ रहा है कि एसईसीएल मैनेजमेंट के अधिकारियों की इस कार्यवाही को सौगात माने या अभिशाप क्योंकि तबादला आदेश में आज ही नवीन पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देने के निर्देश जारी किए गए हैं। त्रिपाठी जी होंगे।**

नये जीएम सोहागपुर कोयलांचल के बैगा ओसीएम में मैनेजर के पद पर कार्यरत होने के साथ ही वर्तमान में सोहागपुर एरिया में जीएम ऑपरेशन के पद का दायित्व संभाल रहे श्री त्रिपाठी जी को एक बार फिर सुहागपुर एरिया के महाप्रबंधक का दायित्व सौंप दिया गया है। वी श्री कृष्णा को जमुना -कोतमू का महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किए गए हैं। ऐसा माना जाता है कि इनके दबदबे से कोयला उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी होगी। शारदा ओसीएम के खान प्रबंधक जयप्रकाश महतो को रामपुर बटुरा ओसीएम का उपक्षेत्रीय प्रबंधक बनाया गया है, अमलाई ओसीएम में कोयला उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे थे इसको देखते हुए रामपुर बटुरा ओसीएम का प्रभार दिया गया है। बंगवार खान प्रबंधक आर के कुर्रे को बुढार ग्रुप शारदा ओसीएम उपक्षेत्र का का सबएरिया का कार्यभार सौंपा गया है।राजेंद्रा भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक राजेश खम्परिया को खैरहा माइंस का उपक्षेत्रीय प्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है राजेंद्रा खैरहा, के उपक्षेत्रीय प्रबंधक सिंहा का स्थानांतरण एसईसीएल से बाहर किया गया है। उनके व्यवहार से लोग खापा थे। एसईसीएल में 20 वर्षों से कार्यरत प्रबंधको का भी स्थानांतरण एसईसीएल से बाहर किया गया है। एसईसीएल के बाहर स्थानांतरण होने वाले अधिकारियों का जिनका नाम अगले लिस्ट में आ जाएगा। उन्हें होली खेलने का मौका दिया गया है।जुल्फकार की लाचारीसोहागपुर एरिया के अमलाई ओसीएम उपक्षेत्र प्रबंधक जुल्फकार अहमद अंसारी का स्थानांतरण डब्ल्यू सी एल नागपुर के लिए हो गया है। उनके स्थान पर पी रामन्ना आ गए हैं लेकिन अभी एरिया मे ज्वाइनिंग दिया है क्योंकि अभी पुराने सब एरिया को डिस्चार्ज नहीं किया गया मार्च के बाद संभावना है।महाप्रबंधक इस श्री कृष्णा का स्थानांतरण होने की चर्चा है कि खदानों में लगातार स्ट्राइक,कोयला, बिजली चोरी, श्रमिक नेताओं की बातो को अमल न करने के चलते खदानों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं देखी जा रही है। सोहागपुर एरिया भले अपना टारगेट पूरा कर रही है लेकिन



पिछला घाटा करोड़ों में बताई जा रही है।सोहागपुर कोयलांचल को अधिकाधिक कोयला उत्पादन के जरिए घाटे से उबारने के लिए लगातार प्रयत्नशील महाप्रबंधक वी श्रीकृष्ण को ट्रांसफर लेटर थमा दिया गया जबकि वह किसी भी हालत में सोहागपुर कोयलांचल को घाटे से उबारे बिना यहां से जाने के पक्ष में नहीं थे। अब श्री कृष्णा की लाचारी यह है कि उच्च प्रबंधन द्वारा जारी आदेश का पालन करते हुए उन्हें एरिया से बाहर जाना ही पड़ेगा ऐसे हालात में सोहागपुर एरिया के विभिन्न रंगों का आनंद उठाने से वह चूक गए हैं। इसी प्रकार श्री त्रिपाठी को जीएम के लिए नियुक्त किया गया है। सोहागपुर एरिया से पूर्व में चार महाप्रबंधक बनाए जाने के बाद सोहागपुर एरिया से अन्य एरिया के लिए हुआ वहीं इस बार भी जीएम पद के लिए तैयारी में जुटे हैं। सोहागपुर कोयलांचल के अधिकारियों के नाम पर अचानक एक तरफा तबादला आदेश जारी किए जाने से एरिया के तमाम अधिकारी कर्मचारी सकते में आ गए हैं, ऐसा प्रतीत होने लगा है कि जैसे सबको एक साथ भांग की गोलियां खिला दी गई हों। विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एसईसीएल के उच्च प्रबंधन द्वारा जारी तबादला आदेशों को होली से रंग पंचमी तक स्थगित किए जाने की मांग की है ताकि सभी संबंधित अधिकारी खुशी-खुशी रंगभंग और उमंग का त्योहार मना सकें। (हो.स.)

## शत-प्रतिशत लायसेंसी शस्त्र कस्बे के थाने में हुये जमा



**बुढ़ार।** आगामी लोकसभा चुनाव एवं आदर्श आचार संहिता लागू हो के बाद नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के शस्त्र लाइसेंसी अपने अपने बंदूकों एवं कारतूस थाने जमा कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बुढ़ार थाना के प्रधान आरक्षक भागवत प्रसाद धुर्वे में जानकारी देते हुए बताएं कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर बुढार नगर के कुल 96 शस्त्र लाइसेंस धारी है जिन्होंने 22 मार्च के पूर्व अपने-अपने शस्त्र को थाने में जमा कर दिए हैं हमारे थाना क्षेत्र के शत प्रतिशत बंदूकों पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# कही आपकी सेहत खराब न कर दे बुढ़ार के मिष्ठान विक्रेता







**खाद्य विभाग का, जोधपुर, इंडियन स्वीट्स, राधिका डेयरी पर पड़ा छापा, नगर पालिका ने गंदगी पायें जाने पर किया चालान।**

बुढ़ार

कहीं आप त्योहारों में यदि मिठाई लेने जा रहे हैं तो सावधान रहिएगा क्योंकि नगर में अब दूषित रिफाइंड तेल का इस्तेमाल किया जा रहा है यह बात रविवार को जब खाद्य सुरक्षा एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने नगर के जोधपुर, इंडियन स्वीट्स राधिका दुग्ध डेयरी, एवं धनपुरी के सुभाष मिष्ठान,आदर्श भोग भंडार में मिठाईयों के मानकों एवं गुणवत्ता की जांच पड़ताल करने पहुंचे तो पता चला कि बड़े बड़े मिठाई दुकानों में दूषित तेल का उपयोग किया जा रहा है। जांच टीम ने मौके से सैम्पल लेकर भोपाल के लिए जांच करने को भेजेंगे और वहां से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जावेगी और जो मौके पर कमियां मिली है नोटिस भेज कर ज़बाब लेंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि मानव के खाने पीने की वस्तु में मुनाफे के लिए मिलावट कर मिष्ठान्नों की गुणवत्ता की जांच कर सैम्पल लिया गया है और बुढ़ार के जोधपुर स्वीट्स में लगभग 20 लीटर दूषित जला हुआ रिफाइंड तेल को नष्ट कराया गया है और मावा पेड़ा एवं अन्य मिठाईयों का संदेह होने पर उनका सैम्पल लिया है साथ ही गंदगी पायें जाने पर स्वच्छता अधिनियम के तहत 1 हजार का चालान भी किया गया है। राधिका दुग्ध डेयरी में पनीर की छाछ लगभग 20 किलो दूषित मौके पर पाया गया है और दुकान में गंदगी होने पर नगर पालिका टीम ने 1 हजार का जुर्माना भी किया है और हिदायत दी है कि दुकान में साफ-सफाई रखें इसी तरह इंडियन स्वीट्स में दो किलो खराब मिठाई पाईं गईं हैं, स्वच्छता का पालन न करने पर 5 सौ रुपए का चालान किया गया है एवं धनपुरी से सुभाष मिष्ठान, आदर्श भोग भंडार से बेंसन के लड्डू, मावा पेड़ा, नमकीन का सैम्पल लिया है जिसे जांच के लिए भोपाल भेजेंगे। मिष्ठान्नों की जांच टीम में सौरभ श्रीवास्तव, स्वच्छता प्रभारी राधिका तिवारी आरक्षक नरेंद्र सिंह सहित अन्य नपा के कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## विकास के नाम पर लूट, जनता के पैसे का दुरूपयोग : देवेंद्र सिंह
## आदिवासी जनजाति के गौरव कोलगढ़ी की घोषणाएं अधूरी

**रीवा ।** बहुजन समाज पार्टी के त्योथर विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहां की देश विकास कर रहा है विकास की गंगा देश से शुरू होती है वह प्रदेश स्तर पर होते हुए रीवा जिले में आती है लेकिन जिले का बजट गाँवो में न पहुंचकर शहर में ही विलीन हो जाता है भले ही एक रोड (मॉडल) को 15 वर्षों में 15 बार बनाना पड़े, शहर की सड़के खुदती है कभी सीवर लाइन के नाम, कभी नाली नाले के नाम लेकिन 15-20 वर्षों से शहर को खुदाई से छुटकारा नहीं मिल रही है। रीवा के पहले बाई पास से लेकर रानी तालाब बस स्टैंड, कलेक्ट्रेड होते हुए नए एयरपोर्ट रिंग रोड तक का विकास रीवा का विकास एवं व्यक्ति विशेष का विकास साथ साथ चंद धन्नासेठों काचमचों का बढ़ावा देना चल रहा है। उदाहरण राजकपूर ओडिटोरियम बनाने का उद्देश्य कला प्रेमी संगीत प्रेमी, नाटक प्रेमी कलाकारों को रिहर्सल, साहित्य गोष्ठी इत्यादि के लिए था अगर आपको उपयोग करना है तो आपकी पहचान या संबंध व्यक्ति विशेष से नहीं है तो यह स्थान आपको नहीं मिलेगा या फिर आप उस व्यक्ति के सामने गिरगिडाओ, मिन्नतें करे। जिसको सरकार ने 50 करोड़ कि भूमि में 27 करोड़ का ओडिटोरियम निर्माण कराके उसे खैरात में (मिलीभगत से टेंडर) दिया। बिना एक रूपये की पूंजी लगाए लाखों रूपये महीने कमाने के लिए इससे बढ़िया बिसनेस मॉडल रीवा वासियों के लिए अनोखा एवं अद्भुत है सरकारी जमीन की लूट पर रीवा के पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह भी दुःख व्यक्त कर चुके है। हर शहरवासी हमेशा किसी सरकारी भूमि या आवास को देखकर चिंतित हो जाता है कि तेरा विकास कब होगा? जनता सोच रही है कि इस अभागी पर विकास पुरुष की नजर नहीं पड़ी। ओडिटोरियम रंगमंच कलाकरों के लिए है या शादी समारोह के लिए रीवा की जनता अभी तक यह नहीं जान पाई है। वही आगे भारतीय जनता पार्टी ऊपर आरोप लगाते हुए कहा की राजपूत पिछड़ा आदिवासी विरोधी है भारतीय जनता पार्टी म. प्र. के मेयर चुनाव में किसी राजपूत को टिकट नहीं दिया, विंध्य में किसी राजपूत को लोकसभा का टिकट नहीं, प्रदेश में केवल एक राजपूत को लोकसभा टिकट दिया गया है। राजपूत चाली में सजाकर रखने के लिए या फिर मजबूरी में (गुढ़, नागौद) पूर्व राज्य सभा सांसद अजय प्रताप सिंह का उदाहरण हैं। कि



उन्हें पार्टी कि सेवा का प्रतिफल मिला रीवा में पिछड़े वर्ग में पटेल वर्ग को छोड़कर अन्य यादव काछी (कुशवाहा) पालमाँझी, भोरतिया, लोनिया, लोहार, कहाँर, कोरी, मुड़हा जैसे पिछड़ी जातिया भाजपा के वोट बैंक तो हैं। लेकिन जिले में मंडल में इनके प्रतिनिधि भाजपा संगठन में खोजने के लिए दूरबीन की जरूरत पड़ेगी आदिवासी समाज विशेषकर कोल जनजाति 2018, 2019 के चुनाव से ही भारतीय जनता पार्टी के साथ शत प्रतिशत है। लेकिन विंध्य में शरद कोल (सुरक्षित और मजबूरी) के अलावा अन्य कोई कोल जाति का नेता मण्डल स्तर पर भी किसी लिस्ट में नहीं रखा जाता लेकिन वोट शत प्रतिशत चाहिए। जिले में दो लाख वोट होने के बावजूद भाजपा संगठन में अनूपपुर के रौतेला जी को म. प्र. कोल विकास प्राधिकरण का चेयरमैन बनाया। लेकिन त्योंथर कोलगड़ी देश में एकमात्र कोल जाति का किला है इसके उद्घाटन के अवसर पर पूरी पार्टी भाजपा (मुख्य मंत्री शिवराज सिंह सहित ) श्रेय के होड़ में लगी थी किन्तु आज गढ़ी में अमानक ईंटे (लोकल) घटिया कार्य करके लीपा पोती कर रही है।

## प्रत्येक उम्मीदवार को देना होगा अपराधिक रिकार्ड का विवरण
## उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

**रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर द्वारा कलेक्टर न्यायालय कक्ष में प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए अधिकारी और कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को आपराधिक रिकार्ड का विवरण भी देना होगा।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि माननीय सुप्रीमकोर्ट के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल कि ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण कि जानकारी दल की वेबसाइट पर दिखाएंगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रो एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित प्रकाशित करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन वार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चैनलों में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी कि समय सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घण्टे पहले तक कि अवधि में किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आपराधिक प्रकरणो कि जानकारी देने के लिए आयोग द्वारा प्रपत्र सी-1 निर्धारित किया गया है। जिसे संचार माध्यमों में प्रकाषित एवं प्रसारित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणो की जानकारी देंगे। जिसे दल वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-3 में रिटार्निग आफीसर को लिखित में जानकारी देंगे तथा प्रपत्र 26 में शपथ प्रस्तुत देंगे। प्रपत्र 26 के कालम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणो कि जानकारी दी जायेगी। सभी उम्मीदवार इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

# नामांकन पत्र भरते समय केवल 5 व्यक्तियों की होगी अनुमति

**रीवा।** लोकसभा क्षेत्र के लिए 28 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने का क्रम आरंभ होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन में नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग आफीसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित केवल 5 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उम्मीदवार रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से सौ मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने 100 मीटर की परीधि को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया है। अभ्यर्थी तथा 4 अन्य अधिकृत व्यक्तियों को ही नामांकन पत्र दाखिल करते समय इसमे प्रवेश दिया जायेगा। कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को तैनात किया जायेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33 की उपधारा 6 के अधीन एक ही निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए किसी अभ्यर्थी द्वारा उसकी ओर से अधिकतम केवल 4 नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित निक्षेप राशि तथा घोषणा पत्र दाखिल करना आवश्यक होगा। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के उम्मीदवार के लिए एक प्रस्तावक तथा अन्य दलों एवं निर्दलीय उम्मीदवार के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक होंगे। रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट रीवा के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल होंगे।

## नामांकन पत्र के साथ चेक लिस्ट के अनुसार दस्तावेज करने होंगे संलग्न

**रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन पत्र दाखिल करने होंगे। नामांकन पत्र के लिए प्रारूप 2 ए निर्धारित किया गया है।**

रीवा

भाग एक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उम्मीदवार नामांकन पत्र भरेंगे। शेष उम्मीदवार भाग दो में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ पत्र देना आवश्यक होगा। यह शपथ पत्र शपथ आयुक्त अथवा प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक प्रकरण, चल-अचल सम्पत्ति, देनदारियाँ, परिवार की चल-अचल सम्पत्ति, नकद राशि, आभूषण, वाहन, बीमा पालिसी, म्यूचुअल फण्ड, शेयर, राष्ट्रीय बचत पत्र आदि का विवरण देना भी आवश्यक होगा। शपथ पत्र में लंबित सम्पत्ति कर, बिजली बिल, जल कर, बैंक ऋण का भी विवरण देना आवश्यक होगा। आयोग के निर्देशों के अनुसार यदि उम्मीदवार उस लोकसभा क्षेत्र का मतदाता नहीं है जिसके लिए उसने नामांकन पत्र दाखिल किया है तो उसे अपना नाम मतदाता सूची में जिस लोकसभा क्षेत्र में शामिल है उसकी प्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। राजनैतिक दलों के उम्मीदवार नामांकन पत्र के साथ प्रारूप क और ख में आवश्यक जानकारियाँ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार आरक्षित वर्ग का है तो उसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को जमा की गई जमानत राशि की रसीद अथवा विवरण देना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उम्मीदवार द्वारा ली गई शपथ का विवरण भी देना होगा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई की जगह छात्र लगा रहे झाड़ू



**कोतमा।** शासन के द्वारा बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है वहीं स्कूलों में शिक्षक एवं भृत्य की भी भर्ती की गई है लेकिन उसके बाद भी स्कूलों में देखने को मिलता है कि सुबह स्कूल खुलने के समय छोटे-छोटे बच्चों से स्कूल की साफ सफाई करवाई जाती है उसके बाद पढ़ाई करवाई जाती है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को लगी जब हमारे प्रतिनिधि ने अनूपपुर विकासखंड अंतर्गत कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 7 रेलवे लाइन के किनारे बने प्राथमिक शाला कल्याणपुर पहुंच कर जायजा लिया जहां स्कूल खोलते ही बच्चे झाड़ू लगा रहे थे जानकारी लेने पर पता चला कि प्रमुख शिक्षक मूल्यांकन करने जिला मुख्यालय गए हुए हैं और स्कूल में एक मैडम थी। बावजूद इसके बच्चे पढ़ाई करने के पहले स्कूल में झाड़ू लगा रहे थे। जब यह हाल शिक्षा के मंदिर का है तो आगे की बात किससे की जाए।

### वाहनों के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान



**अनूपपुर।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर महोदय अनूपपुर द्वारा लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता के दौरान यात्री एवं मालयान वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं जिसके पालन में 23 मार्च को जिला परिवहन अधिकारी, अनूपपुर द्वारा वेंकटनगर में एसएसटी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की गई। जांच के दौरान वाहनों के पदनाम प्लेट परमिट फिटनेस बीमा पीयूसी अग्निशमन यंत्र ड्राइवर लाइसेंस मेडिकल किट एचएसआरपी नंबर प्लेट आदि की जांच की गई। कार्यवाही के दौरान 55 वाहनों की चेकिंग की गई उनमें से 8 वाहनों से शमन शुल्क 9000 रूपये वसूल किया गया। वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वैध दस्तावेज होने पर ही वाहन संचालित करें एवं नंबर प्लेट पर पदनाम प्लेट ना लगाएं। अवैध रूप से संचालित पिकअप वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि पिकअप में सवारी ना बैठाई जाए वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### विंध्य प्रांत के प्रांत अध्यक्ष मनोनीत हुये डॉ. देवेंद्र तिवारी



**अनूपपुर।** संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण इन पांच सूत्रों पर कार्य करने वाली भारतवर्ष की पूर्ण राष्ट्रीय और सामाजिक संगठन भारत विकास परिषद 1963 से नर सेवा ही नारायण सेवा के लक्ष्य को लेकर सतत समाज सेवा में क्षेत्र में कार्य करते हुए आ रही है भारत विकास परिषद विंध्य प्रांत के आगामी 1 वर्ष के कार्यकाल हेतु अनूपपुर शाखा के प्राथमिक सदस्य, समाज सेवी डॉ देवेंद्र कुमार तिवारी को प्रान्त अध्यक्ष के दायित्व पर मनोनीत किया गया है विंध्य प्रांत के अंतर्गत आने वाले 12 जिले अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, पन्ना, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी, वह सिंगरौली और वर्तमान में बने नए जिले मैहर और मऊगंज आते हैं। भारत विकास परिषद की शाखा के सदस्य समाज के संपन्न और प्रबुद्ध व्यक्ति होते हैं जो समाज में सेवा और संस्कार के सतत निःशुल्क कार्य करते हैं। समाज से लेकर के समाज को देने का कार्य भारत विकास परिषद 1963 से करते आ रहा है। अनूपपुर शाखा के सदस्य को प्रांत अध्यक्ष के रूप में पाकर अनूपपुर शाखा गौरवान्वित महसूस कर रही है। डॉ. देवेन्द्र कुमार तिवारी बिगत 10 वर्षों से अनूपपुर शाखा के प्राथमिक सदस्य के रूप कार्य करते हुए, भारत विकास परिषद में प्रांतीय सन्गठन सचिव, प्रांतीय महासचिव और प्रांतीय उपाध्यक्ष जैसे विविध दायित्वों का निर्वाहन करते हुए अब प्रान्त अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किये गए है।

# जीत की हैट्रिक लगाने वाले फुंदेलाल मोदी मैजिक का करेंगे सामना

## मोदी लहर के सहारे हिमाद्री सिंह को जीत दोहराने की ख्वाहिश

**एक ही जगह से दोनों दल के सांसद प्रत्याशी, दोनों को जीत की आस**

**रोमांचक होगा इस बार का लोकसभा चुनाव, आठों विस में बनानी होगी बढ़त**

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने कुल 29 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस ने शनिवार को दूसरी लिस्ट में 12 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जिसमे अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित शहडोल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल मार्को को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है।





अनूपपुर।

विधानसभा में जीत की हैट्रिक लगाने वाले फुंदेलाल सिंह अब लोकसभा में मोदी मैजिक का सामना करने भाजपा प्रत्याशी सांसद हिमाद्री सिंह के खिलाफ चुनावी समर में कूद पडे हैं। फुंदेलाल सिंह का पुष्पराजगढ़ के आदिवासियों में प्रभाव तो है, लेकिन पूरे संसदीय क्षेत्र में उनका प्रभाव चलेगा कि नहीं यह चुनाव परिणाम आने के बाद स्पष्ट होगा। मतदान के 25 दिन पहले कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा कर पाई, जबकि भाजपा एक माह से चुनाव प्रचार में जुटी है। इधर, कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का टोटा नजर आ रहा है तथा कार्यकर्ताओं में निराशा का फायदा भाजपा उठा रही है। होली बाद भाजपा के दिग्गज नेताओं का शहडोल संसदीय क्षेत्र दौरा तय माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 27 मार्च को भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह की नामांकन रैली में भाजपा के बड़े कद्दावर नेता मौजूद रहेंगे जिसके लिए भाजपा ने आइटी सेल को सक्रिय कर दिया है वहीं कांग्रेस से फुंदेलाल सिंह भी इसी दिन दोबारा नामांकन दाखिल करेंगे। ज्ञात हो कि दोनों पार्टियों की नजर आदिवासी वोटबैंक पर है। नामांकन के अंतिम दिन दोनो दल कांग्रेस भाजपा पूरे दम खम के साथ एक बार पुनः नामांकन दाखिल कर शक्ति प्रदर्शन कर सांसद बनने का सेमीफायनल होगा उसके बाद तय होगा कि 19 अप्रेल को फायनल विजेता कौन होगा।

### टिकट वितरण मे भाजपा निकली आगे

अब मतदान के 23 शेष बचे हैं और अभी तक कांग्रेस के किसी ऐसे नेता का संसदीय क्षेत्र में दौरा व कार्यक्रम नहीं हुआ है, जिससे कार्यकर्ताओं में चुनावी जोश पैदा हो सके। जबकि भाजपा में एक महीने से पार्टी के दिग्गजों का दौरा हो रहा है और कार्यकर्ताओं को हर बूथ तक पहुंचने की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। साथ ही आम मतदाता में जो मोदी का प्रभाव समाया है, उससे निपटने कांग्रेस की अभी तक कोई योजना नहीं दिख रही है। ऐसे में फुंदेलाल मोदी मैजिक से कैसे निपट पाएंगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के ऊपर मोदी मैजिक इतना हावी है कि वे अपने को जीता मानकर ही चल रही है। वे प्रचार पर निकल रही हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं से उनका जुड़ाव उस तरह अभी भी नहीं है, जो चुनाव के समय होना चाहिए। कार्यकर्ता मोदी और कमल के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन उनके मन में कहीं न कहीं यह टीस तो है कि सांसद प्रत्याशी चुनाव के समय भी उनको नहीं पूछ रही है। इस टीस का फायदा कांग्रेस चाहे तो ले सकती है, लेकिन वहां तो और बहुत बड़ा गड्ढा है। इस तरह की स्थिति में मतदाता चाहकर भी अपने मन की नहीं कर सकता, क्योंकि उनके पास अभी तक मजबूत विकल्प ही नहीं है।

### मोदी लहर में भी फुंदेलाल पुष्पराजगढ़ से बने विधायक

अमरकंटक की गोद मे बसे शहडोल संसदीय क्षेत्र के अनूपपुर जिले की सबसे बड़ी विधानसभा पुष्पराजगढ़ पूरी तरह से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। मोदी मैजिक या मोदी लहर में भी विधानसभा चुनाव में यहां से तीसरी बार फुंदेलाल सिंह बाजी मारते हुये विधायक की कुर्सी पर काबिज हुये है। फुंदेलाल सिंह मार्को लगातार तीन विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाकर जीत दर्ज करने वाले इस विधानसभा क्षेत्र से पहले विधायक हो गए हैं। अभी तक के रिकार्ड के अनुसार यहां से कोई भी तीसरी बार विधायक चुनकर नहीं आया है। 2023 के चुनाव में फुंदेलाल सिंह मार्को को 68020 मत प्राप्त हुए जबकि भाजपा प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम को 63534 मत हासिल हुए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ने अपने प्रतिद्वंद्वी से 4486 मत अधिक प्राप्त करके कड़े मुकाबले में विजय प्राप्त की थी।

### मोदी मैजिक के सहारे दूसरी बार जीत की आस

मोदी मैजिक के सहारे दूसरी बार लगातार लोकसभा का चुनाव लड़ रही हिमाद्री पिछले चुनाव में चार लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार उनके गृहग्राम के फुंदेलाल सिंह चुनावी मैदान में है तो उन्हें चुनौती भी मिल सकती है। लोगों के अनुसार पांच साल में हिमाद्री ने अपने गृहग्राम में कुछ उल्लेखनीय काम नहीं किया है। सांसद प्रत्याशियों को शहडोल लोकसभा सीट के आठ विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर, जैतपुर, मानपुर, बांधवगढ़, अनूपपुर, कोतमा, पुष्पराजगढ़, बड़वारा मे अपनी बढ़त बनानी है।

### सीमित जनप्रतिनिधियों और परिवार तक सिमटी सत्ता की चाबी

46 वर्षों में 13 बार लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें सबसे ज्यादा पांच बार दलपत सिंह परस्ते अलग-अलग पार्टियों के टिकट पर जीतकर लोकसभा पहुंचे। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दलबीर सिंह तीन बार सांसद बने, जबकि उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ने एक बार कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीता। वर्तमान में दलबीर सिंह और राजेश नंदिनी की पुत्री हिमाद्री सिंह भाजपा से यहां की सांसद हैं। भाजपा के ज्ञान सिंह भी यहां से दो बार सांसद रह चुके हैं। इस अपेक्षाकृत पिछड़े इलाके में स्वतंत्रता के बाद से सत्ता की चाबी सीमित जनप्रतिनिधियों और परिवार तक सिमट कर ही रही।

### बने कई अनूठे संयोग

कांग्रेस ने बीच में कई प्रयोग किए, लेकिन हर बार शहडोल के मतदाताओं ने नकार दिया। कांग्रेस से वर्ष 1977 में धनशाह, वर्ष 1980 में कुंदन शाह, वर्ष 1991 में हेमवंत पोर्ते, वर्ष 1999 में अजीत जोगी और वर्ष 2019 में प्रमिला सिंह ने चुनाव लड़ा, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली वही शहडोल की राजनीति में परिवारों के वर्चस्व की लड़ाई में कई अनूठे संयोग भी बने। भाजपा ने वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में नए चेहरे नरेंद्र सिंह मरावी को अवसर दिया। उन चेहरों से परहेज किया जो समय-समय पर सांसद या प्रत्याशी बनते रहे हैं। नरेंद्र सिंह मरावी वर्तमान सांसद हिमाद्री सिंह के पति हैं। वर्ष 2009 के चुनाव में नरेंद्र सिंह मरावी के सामने हिमाद्री की मां राजेश नंदिनी सिंह कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। उन्होंने नरेंद्र सिंह मरावी को हरा दिया। बाद में संयोग कुछ ऐसा बना कि नरेंद्र का विवाह हिमाद्री से हो गया और वे राजेश नंदिनी के दामाद बन गए।

### 1996 में भाजपा ने ध्वस्त किया कांग्रेस का किला

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के कद्दावर नेता दलबीर सिंह की बेटी हिमाद्री सिंह को मैदान में उतारा, वहीं कांग्रेस ने भाजपा की बागी नेत्री प्रमिला सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया। शहडोल में वर्ष 1962 तक समाजवादी विचारधारा के प्रत्याशियों का बोलबाला रहा। सात में से पांच विधानसभा सीटें लंबे समय तक इसी विचारधारा वाले जनप्रतिनिधियों के पास रहीं। वर्ष 1962 के बाद कांग्रेस ने यहां अपनी पकड़ मजबूत की। लंबे समय से जीत से वंचित रही भाजपा ने वर्ष 1996 में कांग्रेस का किला ढहाया। हालांकि 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की राजेश नंदिनी सिंह ने भाजपा उम्मीदवार को हरा दिया और एक बार फिर सीट कांग्रेस के कब्जे में चली गई।

### अभी तक इन्होंने किया प्रतिनिधित्व

| साल | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | रणदमन सिंह | किसान मजदूर पार्टी |
| 1957 | कमल नारायण सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | बुद्धु सिंह उटिया | सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 | गिरजा कुमारी | कांग्रेस |
| 1971 | धन शाह प्रधान | निर्दलीय |
| 1977 | दलपत सिंह परस्ते | जनता पार्टी |
| 1980 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | दलपत सिंह परस्ते | जनता पार्टी |
| 1991 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1996 | ज्ञान सिंह | भाजपा |
| 1998 | ज्ञान सिंह | भाजपा |
| 1999 | दलपत सिंह परस्ते | भाजपा |
| 2004 | दलपत सिंह परस्ते | भाजपा |
| 2009 | राजेश नंदिनी सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | दलपत सिंह परस्ते | भाजपा |
| 2019 | हिमाद्री सिंह | भाजपा |



# अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने फिर की कार्यवाही


**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिहं पंवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिहं एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे रेत चोर माफिया में हडकंप मचा है। 24 मार्च को टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन ने रात्रि गश्त के दौरान सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिह के साथ बेला फाटक के पास एक बिना नम्बर नीले रंग की स्वराज 735 ट्रेक्टर को अवैध रूप से उत्खनन की हुई रेत का परिवहन करते हुए रोका जाकर कार्यवाही की गई। बिना नम्बर की स्वराज ट्रेक्टर के चालक गोविन्द प्रसाद कोल पिता रामचरण कोल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नगदहा (छुलहा) व वाहन स्वामी सुभाष राठौर पिता मोहन राठौर निवासी ग्राम बर्री रेत चोरी कराने वाले सूरज राठौर पिता रामलखन राठौर निवासी सामतपुर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 173/24 धारा 379,414 ताहि. 4/21 खनिज अधिनियम 130(3)/177 एम.वी.एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर वाहन को मय रेत के जप्त किया गया एवं मौके से अवैध रेत परिवहन करते पाये गये चालक एवं रेत चोरी कराने वाले को गिरफ्तार कर वाहन स्वामी के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

# आज खेली जायेगी रंगों के पर्व की होली

## रंगों के त्यौहार से गुलजार हुआ बाजार

अनूपपुर।

रंगों का त्योहार होली मंगलवार होलिका दहन के साथ प्रारंभ हो गई। बाजार रंग गुलाल पिचकारी से गुलजार हो गए। गुजिया और मेवो के साथ मिठाई की दुकानो मे भी गुलजार है। होली के 1 सप्ताह पूर्व से ही बाजार सजने लगे थे। जिला मुख्यालय सहित, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, जैतहरी, वेंकटनगर, बिजुरी, कोतमा, राजनगर, रामनगर, चचाई, जमुना कॉलरी, भालूमाड़ा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व को लेकर चहल-पहल शुरू हो गई है जगह जगह रात्रि में होलिका दहन किया गया और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए गले मिले। रविवार को दिनभर बाजार में भीड़ भाड़ बनी रही त्योहार को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा जोश है।





### जगह जगह हुआ होलिका दहन

जिले भर मे शहरों व गांवो में जगह जगह बच्चों ने होलिका के लिए लकड़ी इकट्ठा करते हुए रविवार की रात्रि में शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया जो देर रात तक चलता रहा। रविवार को सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई जो देर रात तक बनी रही। लोगों ने किराना सामान सहित रोजमर्रा की सामग्रियों के साथ ही रंग गुलाल पिचकारी तथा मिठाइयो की खरीदारी जमकर की। होली में सजी दुकानों में बच्चों के साथ माता पिता खरीददारी में दिलचस्पी दिखा रहे थे। गर्मी के साथ बाजार में रौनक भी बढ़ गई है।

### होरियारों की निकलेगी टोली

सोमवार यानि आज सुबह से ही रंग खेलने के लिए बच्चों की टोलियां नगर की गलियों एवं मुख्य बाजारों में निकलने लगेगी इस बार कोरोना का खतरा नही होने के कारण लोगों मे जमकर उत्साह एवं उमंग के साथ रंग खेलने का मन बनाया है। खासकर युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा जा रहा है नगर में जगह जगह रंगों की वर्षा होगी वही लोग गुलाल से भी एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। बच्चे एवं युवा वर्ग चेहरे में आकर्षक तरह के मुखोटे एवं सिर पर बाल लगाकर रंगो के त्यौहार में मस्ती करते नजर आएंगे।

### 2 दिनों तक बाजार रहेगा बंद

होलिका दहन से शुरू हुआ त्यौहार 2 दिनों तक रंग के रंग में डूबा रहेगा। जिले सहित कोतमा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तथा कोयलांचल क्षेत्र में बाजार बंद रहेंगे जिसके लिए रविवार को ही लोगों ने जरूरत की सामग्रियो की खरीददारी कर ली है। 2 दिनों तक बाजार भी बंद रहेगा। होलिका दहन के दिन से फाग होने का सिलसिला शुरू हो गया है। सुबह से ही नगर में लोग ढोलकी टिमकी के साथ फाग गाने में मशगूल नजर आए।

# चेक पोस्ट बिजौरी में 1 लाख 30 हजार 510 रुपये की हुई नगद जप्ती

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर आशीष वशिष्ठ द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार लोकसभा आम निर्वाचन को मद्देनजर जिले के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों तथा अंतर्राज्यीय मार्गों में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जांच नाकों की स्थापना की गई है, जहां तैनात दल द्वारा चौबिसों घण्टे आने-जाने वालो पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा में स्थित पोडकी -गौरेला मार्ग पर बनाए गए बिजौरी चेकपोस्ट पर वाहन तलाशी के दौरान पुष्पराजगढ़ तहसील के गुट्टीपारा सरई निवासी श्रीपान मजूमदार की कार से 1 लाख 30 हजार 510 रुपये नगद जप्त किए गए हैं। संबंधित के पास से मौके पर पैसे के संबंध में कोई प्रमाण व वैध दस्तावेज नही मिलने पर कार्यवाही की गई है। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कौशलेंद्र शंकर मिश्रा के नेतृत्व में टीम द्वारा की गई टीम में पुलिस के प्रधान आरक्षक मनोज सिंह आदि की भूमिका उल्लेखनी रही लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने पर जिले की सभी सीमाओं पर चेकपोस्ट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जप्त की गई राशि को जिला कोषालय में जमा कराया गया है।



### बरगवां में चैकिंग के दौरान जप्त हुई अवैध शराब

अंतरजिला शहडोल एवं अनूपपुर सीमा पर स्थित अमलाई बरगंवा चेक पोस्ट में चैकिंग के दौरान निगरानी दल द्वारा 97 ब्लू चिप, 42 आर एस अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही की गई है, जिसका अनुमानित मूल्य 19 हजार रुपये है। गौरतलब है कि अवैध शराब को धनपुरी अंग्रेजी शराब दुकान से अनूपपुर जिले के अमरकंटक ले जाया जा रहा था।

### यात्री ट्रेन तथा रेलवे स्टेशन में निगरानी शुरू

यात्री ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के सामानों तथा अन्य राज्यों से आयात/निर्यात होने वाले पार्सल की जांच निगरानी दलों द्वारा की जा रही है। इस निर्देश के तहत यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री अपने साथ नही ले जा सकते। साथ ही इस जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास किसी प्रकार की अवैधानिक सामग्री पाई जाती है, तो जब्ती करते हुए उक्त व्यक्ति के विरूद्ध मामला भी दर्ज किया जाएगा। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट धनीराम ठाकुर एवं मिथला प्रसाद के नेतृत्व में आरपीएफ जीआरपी के विशन सिंह, शुभंकर सिंह, बी.के. सिंह तथा स्टॉफ द्वारा यात्री ट्रेनों तथा अनूपपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों के सामानों की जांच की गई।

# सचिव की मनमानी से परेशान सरपंच ने जनपद सीईओ से की शिकायत

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम पंचायत मुंडा के सरपंच ने शिकायत देते हुये वहां पदस्थ सचिव निधि सिंह की स्वेच्छाचारिता व लापरवाही पर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र मे लेख किया गया कि ग्राम पंचायत मुंडा सरपंच सरस्वती सिंह ने बताया कि सचिव उसके घर आकर धमकाकर कोरे मस्टर में जबरदस्ती हस्ताक्षर कराती है और ग्राम सभा का जानकारी भी सरपंच को नहीं दिया जाता है एवं योजनाओं के बारे मे ग्रामीणों को नहीं बताती है। किसी को आईडी अलग करवाना है पेंशन बनवाना है मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र तो नहीं बनती है जिसके लापरवाही से पंचायत में विकास कार्य शून्य है कभी भी ग्राम पंचायत में समय पर नहीं आती है जिस दिन आ भी गई तो वह सिग्नेचर करके निकल जाती है जिससे आये दिन ग्रामीणों को सचिव का इंतजार करना पड़ता है कि वह किस दिन पंचायत भवन में आती है कि नहीं इसी तरीके से जितने भी कार्य हुए हैं उसका आज तक मजदूरों को मजदूरी नहीं मिली और निर्माण कार्य स्थल पर कभी नहीं जाया करती है। सरपंच उपसरपंच पंच या कोई भी जनप्रतिनिधि अगर उससे फोन पर संपर्क किया जाए तो फोन भी रिसीव नहीं करती है।